Details of Social Services & Cultural Activities with other participation by eManch Foundation

eManch understands the importance of social and cultural activities in preparing artists for real life and strengthening their personal skills. Social / cultural activities not only help artists to identify themselves, but also assist growing artists or new comers to develop themselves in a desired field and also improve skills such as organizational, presentation, leadership and interpersonal communication. As social and cultural activities are of supreme importance, the eManch encourages all cultural activities such as classical, semi classical, folk music and dances that are both in line with the objects of the eManch and meet the needs of the artists.

Culture can be defined as the arts as well as the intangible shared beliefs, values, and practices of a community. Artists participate in arts and culture at varying levels of skill and engagement. Some create, while others listen to, watch, teach, critique, or learn a cultural activity, art form, or expression. eManch always encourage artists to participate in our online programs in district, state, National and International level cultural activities.

Other than cultural activities eManch Foundation is operating and maintaining Shri Lal Bahadur Shastri e-Library, Anand Nagar and Anand Nagar Garden. We are proud to share that within very short time (4 months from September) approximately 55 students have started reading books as well as online on computers in e-library, and so many senior citizens kids and other members has started to walk in Garden. We have also started “Yog” in association with ‘Bhartiya Yog Sansthan’ and approximately more than 50 members taking every day benefit of yoga classes.

eManch has initiated so many activities for the artists and social services of India as well as all over the world, few details or set of information of them are as given below: -

1. eManch Music training programs for blind kids even during pandemic through online. We provide them faculties and they thought them first, how to operate mobile for

music training and then they learn music notes and play musical instruments in mobile as per music teacher's instructions.

2. Care and Support for Orphaned Children and Destitute Senior Citizens:
   eManch Foundation is committed to serving orphaned children and destitute senior citizens by providing them with essential support, care, and compassion. We regularly organize food distribution drives, arrange nutritious meals, and extend necessary assistance to ensure that vulnerable members of society receive dignity, comfort, and hope.

3. Financial Assistance for Destitute and Underprivileged Women:
   As part of its commitment to women empowerment, eManch Foundation provides financial assistance and support to economically weaker and destitute women. The Foundation encourages self-reliance by helping women meet their basic needs and, wherever possible, supporting livelihood opportunities that enable them to live with dignity and confidence.

4. Support and Assistance for Persons with Disabilities:
   eManch Foundation actively works for the welfare of persons with disabilities by extending support in the form of essential resources, mobility aids, educational assistance, skill development opportunities, and other humanitarian services. The Foundation believes in creating an inclusive society where every individual is empowered to participate and grow with equal opportunities.

5. Community Welfare and Humanitarian Services:
   In addition to its cultural and educational initiatives, eManch Foundation regularly undertakes various humanitarian and community welfare activities, including relief support, food distribution, health awareness campaigns, and assistance to economically disadvantaged families during times of need. The Foundation strives to promote compassion, social responsibility, and inclusive development across communities.
6. eManch organized online **Odissi dance competition** and it was in three categories and participants were from all over India and abroad. It was the first and unique online classical dance competition. Not only this, the judgment and declaration of result of that competition by the eminent Odissi dancers Padmashree Guru Mayadhar Raut ji, Guru Madhumita Raut & Guru Lucky Mohanty of our country. Apart from that eManch is providing classical dance and music training to students, adults and special children.

7. It's online concert platforms for emerging artists as well as for professionals. Will provide platforms for emerging artists to present their art through online. We are not taking fees or any type of charges from artists. So that they will get confidence to perform on stages.

8. Once in a week we organize Interviews with senior artists even with Padmashree, Padma Bhushan & Padma Vibhushan awardees from all over the India. Will try to spread our art and music culture in all over the world. We have done interviews and concerts more than 250 within one year. Details can be seen at our website: https://www.emanch.org/

9. eManch also organize online awareness programs and discussions on various topics like social, economic and health with experts on their fields.

10. In pandemic all social and religious programs are prohibited. In that case eManch was taken initiative to give divine atmosphere to everyone at home through online by bhajan programs and also telecast five Purans including holy book GARUD PURAN for demises in pandemic period.

11. For more details we enclosed here with some newspaper's cuttings. Have a look once. It's our small step to serve more about our art, culture and music as well as promote our arties. They deserve more but we are not enough to do this alone. We need everyone's support to disseminate our mission.

Thanking You,
With Regards,

CA Madan Mohan Upadhyay

(President & Founder eManch Foundation)

Mobile No. : +91-99811-40015

Dr. Parvesh Kumar Tiwari (Hon.)

Vice President & Co - Founder of eManch Foundation (Human Rights & Public Social Services).

Mobile No. : +91-96300-98181

Address : 143, Anand Nagar, Raipur, Chhattisgarh – 492001

Website: www.emanch.org, **Facebook:** emanch.org, **YouTube :** eManch, **Instagram:** emanchorg

ई–मंच के माध्यम से दिव्यांगों को सीखा रहें संगीत

ई-मंच के आयोजन का लाभ ऐसे समय में लोगों को मिल रहा है जब पूरे देश में लॉकडाउन जैसी स्थिति है। संगीत का मन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव को विज्ञान भी स्वीकार करता है। आज जब हमारा भारतवर्ष ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व एक अकल्पनीय, असाध्य वायरस कोरोना के डर से सहमा अपने-अपने घरों में बैठ रहने के लिए मजबूर है, ऐसे कठिन समय में एक छोटी सी उम्मीद की किरण फैलाने एवं समय का सदुपयोग कराने का प्रयास **ई-मंच संस्था** द्वारा किया जा रहा है। हमारा ऐसा मानना है की गीत-संगीत एक ऐसा माध्यम है, जिससे न सिर्फ मानसिक अवसाद, घबराहट एवं अकेलापन दूर होता है, बल्कि इसमें पूरे विश्व को एक सूत्र में जोड़ने की क्षमता भी होती है। इस कोरोना संकट से सभी वर्ग के लोग मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान हैं, इससे कलाकार भी अछूते नहीं हैं, खासकर ऐसे कलाकार जिनकी आजीविका का साधन मात्र उनकी कला है। चूंकि अभी सोशल डिस्टेंसिंग के कारण सभी कॉन्सर्ट/गीत संगीत के कार्यक्रम नहीं हो पा रहे हैं, ऐसे में वे कलाकार जिनका इसी के माध्यम से परिवार का भरण-पोषण होता था, उनके लिए अब आवश्यक सुविधाओं के अभाव में जीना मुश्किल हो गया है। केंद्र एवं राज्य सरकारों तथा सामाजिक संस्थाओं से अनुरोध है की इन कलाकारों तथा उनके परिवारों के भरण-पोषण की भी उचित व्यवस्था हो पाए उसके लिए हाथ बढ़ाएं, क्योंकि एक अच्छे समाज की स्थापना में कलाकार, संगीतकार एवं साहित्यकार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, और बिना इनके योगदान के सभ्य समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

ई-मंच के माध्यम से राज्य ही नहीं अपितु पूरे देश के कलाकारों को मंच प्रदान करने एवं कला प्रेमियों के रूचि को ध्यान में रखते हुए ई-मंच का शुभारम्भ किया गया है और अभी तक देश के तमाम शहरों से जाने माने कलाकार ई-मंच पर अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। चूंकि अभी सभी स्कूल एवं कॉलेज बंद हैं और कब तक, फिर से अध्ययन अध्यापन का कार्य शुरू हो पाएगा कुछ निश्चित नहीं है, ऐसे में बच्चों का भविष्य भी अंधकारमय हो रहा है। कुछ संस्थाओं ने ऑनलाइन प्रशिक्षण का कार्य आरम्भ किया है, परंतु अभी भी काफी बच्चे ऐसी सुविधाओं से वंचित अपने घरों में बैठ, अपने दैनिक कार्य से परेशान हैं। इन परिस्थितियों से निपटने के लिए ई-मंच ने भी अपना छोटा सा योगदान देने का प्रयास किया है, जिसके तहत गीत-संगीत की प्रस्तुति के लिए ऑनलाइन मंच के अलावा संस्था द्वारा दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों को ऑनलाइन गीत संगीत की ट्रेनिंग दे रहे हैं, जिसके लिए संस्था से जुड़े ट्रेनर श्री गौरव विश्वास, चंदा कुशवाहा एवं भानु श्रीवास्तव जी के अलावा मठपुरैना रायपुर के श्रवण एवं दृष्टि बाधित शासकीय स्कूल की अधीक्षिका श्रीमती संगीता सिंह का भी विशेष योगदान मिला है।

संस्था द्वारा वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए, प्रतिदिन प्रशिक्षण के अलावा शाम को लाइव कन्सर्ट्स का आयोजन लगातार किया जा रहा है, ताकि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन होता रहे, एवं कलाकारों को मंच भी मिलता रहे।

अतः जो भी कलाकार/कला प्रेमी सीखना चाहते हैं, या अपनी प्रस्तुति देने के इच्छुक हैं, या संस्था से किसी भी तरह से जुड़ना चाहते हैं, वे हमें अपना डिटेल्स हमारे मेल **eManch.org@gmail.com** पर अथवा **Website: http://emanch.org** पर या **emanch.org** फेसबुक पेज पर ज्वाइन कर सकते हैं।

संस्था द्वारा इन लोकल कार्यों के अलावा बड़ी कार्य एवं अन्य लोगों (किसी भी उम्र के) के लिए भी ऑनलाइन गीत-संगीत के प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया है, जिसमें अलग अलग राज्यों से जुड़े प्रशिक्षक जो की अपनी अपनी विधा में कुशलता रखते हैं, प्रशिक्षण दे रहे हैं, अभी संस्था द्वारा निम्न गायन, वादन, नृत्य एवं अन्य विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

Vocal- Classical (Dhrupad), Classical (Khayal), Semi Classical, Sugam Sangeet, Folk Sangeet

Instrument: Rudhveena, Vichitra Veena, Saraswati Veena, Mohan Veena, Surbahar, Sitar, Sarod, Indian Classical Guitar, Santoor, Guitar, Violin, Sarangi, Cello, Saxophone, Shahnai, Flute, Mouth Organ, Harmonium, Keyboard

Rhythm Instruments: Pakhawaj, Mridangam, Tabla, Dholak, Congo, Drum, Drum Pad

Dance AU Bharatnatyam, Kathak, Odissi

Yoga

Rang Munch

संविधान से पहले लागू हुआ था सीए एक्ट, कोरोना के दौर में आई योजनाओं का सीए की मदद से लें लाभ

ई-मंच ने सीए-डॉक्टर्स डे पर रखा अवेयरनेस प्रोग्राम

सिटी रिपोर्टर | संस्था ई-मंच ने सीए और डॉक्टर्स डे पर अवेयरनेस प्रोग्राम रखा। चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. अशोक भट्टर ने कहा कि अपने बच्चों को कोरोना की तीसरी लहर से बचाने के लिए हमें खुद को बचाना होगा। बड़ों को वैक्सीन लगानी होगी। बच्चों के लिए अब तक कोई वैक्सीन नहीं आई है। हमारी जागरुकता से ही तीसरी लहर को रोका जा सकता है।

आत्मनिर्भर बनाना होगा। सीए ब्रांच के पूव अध्यक्ष सीए अमित चिमनानी ने कोविड से इकोनॉमी पर हुए असर पर कहा, विश्व की सभी बड़ी इकोनॉमी कोरोना से ध्वस्त हैं। चीन को छोड़कर सबकी जीडीपी निगेटिव है। चीन की जीडीपी पॉजिटिव इसीलिए है क्योंकि उन्होंने कोरोना के इलाज संबधी सारे सामान अपने देश में बनाकर दूसरे देशों को सप्लाय किए। वो दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहा। भारत सरकार ने भी आम लोगों के लिए कई स्कीम निकाली हैं। लोगों को संकट की घड़ी में सीए से मिलकर इनका लाभ लेना चाहिए। सीए एक्ट देश में 1 जुलाई 1949 में लागू हो गया था, जबकि हमारा संविधान 1950 में लागू हुआ है। सीए देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस मौके पर संस्था के सीए मदन मोहन उपाध्याय, सीए रवि ग्वालानी ने भी अपनी बात रखी।

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर रायपुर 09-08-2021

ओडिसी नृत्य कॉम्पीटिशन में ऑनलाइन दे रहे प्रस्तुति

सिटी रिपोर्टर | हिंदुस्तानी शास्त्रीय नृत्य को बढ़ावा देने के लिए ईमंच और जयंतिका की ओर से ओडिसी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 15 जुलाई से शुरू ऑनलाइन प्रतियोगिता तीन कैटेगरी 0-15, 16-25 और 26 से अधिक उम्र वालों के लिए रखी गई। इंटरनेशनल लेवल पर आयोजित कांटेस्ट में एशिया, यूएस, यूएसए से लगभग 120 लोगों ने पार्टिसिपेट किया। सभी को 2 से 5 मिनट की वीडियो सेंड करनी थी।

दैनिक भास्कर रायपुर 22-10-2021

ओड़िसी डांस वर्कशॉप में सिखाया पंचदेव मंगलाचरण और पल्लवी

सिटी रिपोर्टर | जयंतिका संस्था और ई मंच फाउंडेशन ने ओड़िसी नृत्य की ट्रेनिंग वर्कशॉप रखी। निशुल्क कार्यशाला में ओड़िसी के बेसिक स्टेप सिखाए गए। ट्रेनर मधुमिता राउत और लकी मोहंती ने पंचदेव मंगलाचरण और पल्लवी सिखाया। मंगलाचरण में डांसर पुष्प लेकर मंच पर जाता है। धरती मां को पुष्प अर्पित करता है। इष्टदेव, गुरु और दर्शकों का अभिवादन करता है। वहीं, पल्लवी के तहत म्यूजिकल कंपोजिशन पर डांसर प्रस्तुति देता है। इस दौरान गुरु-शिष्य परंपरा के बारे में भी बताया गया कि किस तरह गुरु अपनी कला शिष्यों को सिखाता है।

खबर संक्षेप

लाइव टॉक शो में शामिल हुए दिल्ली के कलाकार

रायपुर। ई-मंच फाउंडेशन द्वारा रविवार को लाइव टॉक शो आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दिल्ली के कलाकार, मूर्तिकार, चित्रकार एवं प्रशिक्षक और प्रदीप मान द्वारा किया गया। इस शो में सुजाता शुक्ला ने साक्षात्कार लिया। सुजाता ई-मंच फाउंडेशन की कार्यकारिणी सदस्य हैं। प्रदीप मान पिछले 13 वर्षों से आर्ट इनसाइड यू में कलाकार और मेंटर के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनके कई छात्रों ने इंटर स्कूल, जोनल और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं जीतकर उन्हें गौरवान्वित किया है।

ये दुनिया बहुत प्यारी है इस बात पर एतबार करो दुश्मन भी दोस्त लगेंगे मोहब्बत करो, न कि वार करो...

सिटी रिपोर्टर | ई-मंच फाउंडेशन की ओर से आओ जिंदगी को अनलॉक करें थीम पर ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के फेमस कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कवि सम्मेलन की शुरुआत एमएम उपाध्याय ने मां सरस्वती की वंदना से किया। पढ़िए पांच कवियों की जुबानी...

रोशन कुमार की जुबानी...

तो फिर से एक बार करो
इकरार करो इज़हार करो
ये दुनिया बहुत प्यारी है
इस बात पर एतबार करो
दुश्मन भी दोस्त से लगेंगे
मोहब्बत करो, न कि वार करो
जो तुम्हें अपना वक़्त दे रहें
उन पर तुम जां निसार करो

राकेश अग्रवाल की जुबानी...

कोई याद आया फिर रात भर
और उसने जगाया फिर रात भर
उसने गज़लें सुनाई मेरी मुझे
और मैं गुनगुनाया फिर रात भर
उसके ख़त की खुशबु मेरे हाथों में थी
और नशा - सा छाया फिर रात भर
आरज़ू थी दीदार-ए-यार की
मैंने चिलमन हटाया फिर रात भर
उसने मुझको गले से लगा तो लिया
और मैं शरमाया फिर रात भर

शोभामोहन की जुबानी...

तुम्हें रोटी कपड़ा मकान चाहिए
और उन्हें पूरा हिन्दूस्तान चाहिए
एक बात कहनी है ध्यान चाहिए
दो मिनट आपका श्रीमान चाहिए

सुनील पांडे की जुबानी...

आसमान में बादलों का साया है
तापमान शेयर बाजार सा गिराया है
जाने क्या गुनाह किया है सूरज ने
सुबह से ही चेहरा नहीं दिखाया है।
नजदीकी की करना नुमाइश नहीं
अपनेपन की करना आजमाइश नहीं
ये दौर है जरा दूर दूर रहने का
इसमें शक की कोई गुंजाइश नहीं।

मोहन श्रीवास्तव की जुबानी...

चली बेटी विदा होके, घराना रो रहा देखो, लिपट कर रो रही है माँ, ठिकाना रो रहा देखो।
विदाई हो गई जब तो,जिसे पत्थर सभी समझे, पिता के नैन सागर का, मुहाना रो रहा देखो।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajdhani - 03 Jul 2021 - 03raj3

सीए व डॉक्टर्स डे पर ई मंच पर जागरूकता कार्यक्रम

तीसरी लहर हम पर निर्भर : डॉ. भट्टर

- बच्चों के लिए खुद को बचाना होगा संक्रमण से
- बड़ों से बच्चों में कोरोना हुआ तो खतरनाक

नवभारत रिपोर्टर ❖ रायपुर.
www.navabharat.news

एक जुलाई को सीए डे व डॉक्टर्स डे पर ई मंच के फाउंडर सीए मदन मोहन उपाध्याय ने एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. इसमें सीए अमित चिमनानी, सीए रवि ग्वालानी व चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. अशोक भट्टर शामिल हुए. इस दौरान सभी ने अपने-अपने विषय पर जानकारी साझा की. कोरोना की संभावित तीसरी लहर को लेकर चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. भट्टर ने कहा कि बड़ों ने वैक्सीन लगा ली है. अब अगर उन्हें कोरोना संक्रमण होता भी है, तो ज्यादा असर नहीं करेगा, लेकिन अगर वहीं बड़े कोरोना को बच्चों को ट्रांसफर कर दें, तो वह बहुत खतरनाक हो सकता है. तीसरी लहर आएगी या नहीं, ये हम पर है. हम अगर लापरवाही करेंगे तो शायद उसे रोका नहीं जा सकेगा. लोगों को अपने बच्चों के लिए अब खुद को बचाना होगा.

बड़ी इकॉनोमिज कोरोना से ध्वस्त

कोविड से इकॉनामी पर हुए असर के बारे में सीए ब्रांच के पूर्व अध्यक्ष सीए अमित चिमनानी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी इकॉनोमिज कोरोना से ध्वस्त है. चीन को छोड़कर सबकी जीडीपी निगेटिव है. चीन की जीडीपी पॉजिटिव इसीलिए है, क्योंकि उसमें कोरोना के इलाज संबंधी सारे सामान अपने देश में बनाकर दूसरे देशों को सप्लाई किए, वो अन्य देशों पर निर्भर नहीं रहा.

सीए के गौरवशाली इतिहास की दी जानकारी

सीए रवि ग्वालानी में सीए समुदाय के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि 1 जुलाई 1949 को सीए एक्ट लागू कर दिया गया था, जबकि संविधान 1950 में लागू हुआ. ऐसे में सीए समुदाय की देश की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका है. ई-मंच के कार्यक्रम में कई लोगों ने हिस्सा लिया.

हरिभूमि
रायपुर - रायपुर भूमि
Date 9 July 2021

परिवार और अपनों का साथ हो तो आसमान की बुलंदियां छूने से कोई नहीं रोक सकता

रायपुर। गत दिनों ई-मंच के लाइव टॉक शो में बहुमुखी प्रतिभा की धनी अमृता तिवारी के साथ ई-मंच फाउंडेशन के संस्थापक सीए मदन मोहन उपाध्याय की ऑनलाइन चर्चा हुई, जिसमें अमृता तिवारी ने बताया कि वे एक आर्टिस्ट होने के साथ-साथ डिजाइनर और मेंटर भी हैं। उन्होंने ड्राइंग, स्केचिंग, पेंटिंग, आर्ट थेरेपी फॉर मेंटल, मास्टरिंग द ह्यूमन फिगर आदि में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से विभिन्न सर्टिफ़िकेट कोर्स किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि वे जब वे नौकरी करती थीं तो पैसे जरूर ज्यादा मिलते थे, पर सुकून अब ज्यादा है। उन्होंने बताया कि वे ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग एडवेंचर क्लब की सदस्य भी हैं और 14 हजार 640 फीट की ऊंचाई तपोवन पर्वत की दो बार ट्रैकिंग भी की है। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि आज वे जो भी हैं, उनकी सफलता के पीछे उनके परिवार का हाथ है, जिन्होंने उनका हर कदम पर साथ दिया। 10 वर्षों तक कॉरपोरेट सेक्टर में जॉब करने के बाद जब वह जॉब छोड़कर अपने जुनून-ख्वाहिशों को पूरा करने निकलीं तो उनका परिवार उनके साथ खड़ा रहा, इसलिए ही आज वह इस मुकाम पर पहुंच पाई है।

बहुत अनुरोध के बाद हिदायत के साथ मिली थी स्टेज परफॉर्मेंस की अनुमति

ईमंच में कथक कलाकारा ममता महराज साझा की यादें

रायपुर @ पत्रिका. ईमंच लाइव परिचर्चा में पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज की बेटी और पौराणिक कालका-बिंदादीन लखनऊ घराने की पहली महिला कथक कलाकारा ममता महराज शामिल हुईं। मदनमोहन उपाध्याय ने उनसे बातचीत की।

बचपन की यादें साझा करते हुए बताया, उस वक्त सभ्य घरों की लड़कियों और महिलाओं को नृत्य प्रदर्शन की अनुमति नहीं होती थी। बहुत डरते-डरते मैंने पिता व गुरु पं. बिरजू महाराज से कथक के मंच प्रदर्शन की अनुमति माँगी थी। बहुत अनुरोध के बाद इस हिदायत के साथ अनुमति मिली थी कि परिवार, घर और घराने की मर्यादा को हमेशा सर्वोपरि रखना। मैंने पिता और गुरु पं. बिरजू महाराज द्वारा कोरियोग्राफ किए गए कई पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति दी हैं।

मैंने कई नृत्य नाटिकाओं को कोरियोग्राफ भी किया है। मंच पर प्रदर्शन के अलावा हिंदी फ़िल्मों के नृत्य के टुकड़ों में जैसे गदर एक प्रेम कथा और देवदास जैसी फिल्मों में भी नृत्य प्रदर्शन किया है। पिता के कथक नृत्य संस्थान कलाश्रम में अध्यापन कर नृत्य की विरासत को आगे बढ़ा रही हूँ।

स्वयं के नृत्य संस्थान, बृजश्याम कलाकुंज के तहत युवा छात्रों को प्रशिक्षण देकर नई पौध तैयार कर रही हूँ।

गुरु-शिष्य परम्परा स्कूल से शिक्षा पद्धति में हो शामिल

रायपुर@पत्रिका. ईमंच द्वारा आयोजित म्यूजिक लाइव टॉक शो में दिल्ली की डॉ. अमृता दत्ता शास्त्रीय संगीत गायिका शामिल हुईं। उनके साथ ईमंच के संस्थापक सीए मदन मोहन उपाध्याय ने चर्चा की। चर्चा में डॉ. अमृता ने बताया, मैंने 5 साल की उम्र में गायिका प्रमिता नंदी से संगीत सीखना शुरू किया था । संगीत की रुचि ने मुझे कोलकाता की ओर आकर्षित किया जहां रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय से संगीत में एमए किया। डॉ. अमृता ने कहा, यदि शास्त्रीय संगीत में गुरु-शिष्य परम्परा से अनुशासन एवं स्कूल कॉलेज से शिक्षा पद्धति को अपना लिया जाए तो एक बार फिर हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत भारत एवं विश्व में अपनी पहले जैसी प्रसिद्धि एवं ख्याति को हासिल कर सकती है।

चीन को छोड़कर सबके जीडीपी निगेटिव : सीए अमित

रायपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सीए और डाक्टर्स दिवस के अवसर पर ई मंच द्वारा जागरूकता पर वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में मंच के फाउंडर सीए मदन मोहन उपाध्याय, सीए अमित चिमनानी, सीए रवि ग्वालानी, चाइल्ड स्पेशलिस्ट डा. अशोक भट्टर शामिल हुए।

सीए अमित चिमनानी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी कानोमीज कोरोना से ध्वस्त है। चीन को छोड़कर सबके जीडीपी निगेटिव हैं। चीन की जीडीपी पाजिटिव इसीलिए है, क्योंकि उसने कोरोना के इलाज संबंधी सारे सामान अपने देश में बनाकर दूसरे देशों को सप्लाई किए। वह अन्य देशों पर निर्भर नहीं रहा। उन्होंने कहा कि भारत में कुछ वस्तुओं के महंगे होने का कारण अन्य देशों पर निर्भर होना है,

ई मंच द्वारा जागरूकता पर आयोजित वेबिनार में शामिल अतिथि। ● नईदुनिया

जैसे भारत में इस्तेमाल होने वाले तेल का 50 फीसद से ज्यादा हम अन्य देशों से मंगाते हैं। पाम आयल, सोयाबीन तेल समेत अन्य तेलों की कीमत उन देशों ने बढ़ा दी तो हमें तेल यहां महंगा मिल रहा है। वहीं सीए रवि ग्वालानी ने सीए समुदाय के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जुलाई 1949 को सीए एक्ट लागू कर दिया गया था, जबकि संविधान 1950 में लागू हुआ।

दर्शकों की तालियों से नहीं मिलता था वो सुकून...

रायपुर। ई-मंच के आनलाइन टाक शो में दिल्ली से गुरु रानी सिंघल (नाट्य सुधा संस्था की वर्तमान निदेशक एवं नाट्य सुधा की संस्थापक-युगल, राष्ट्रपति-पुरस्कार विजेता) के साथ ई-मंच के संस्थापक सीए मदन मोहन उपाध्याय ने चर्चा की।

रानी सिंघल ने चर्चा में बताया कि नृत्य प्रदर्शन के दौरान कभी-कभी ऐसा होता था कि दर्शक बहुत तारीफ करते थे, तालियां बजाते थे, लेकिन मैं पिताजी को देखती रहती थी। जब तक पिताजी मुस्करा नहीं देते थे, तब तक ऐसा लगता था कि प्रदर्शन अच्छा नहीं हुआ। पिताजी बहुत कम तारीफ करते थे। मैं उनसे तारीफ सुनने के लिए आतुर रहती थी। रानी सिंघल ने बताया कि वंचित, योग्य एवं कला को आगे बढ़ाने के



आनलाइन टाक शो में दिल्ली से गुरु रानी सिंघल, सीए मदन मोहन उपाध्यार्य। ● ई-मंच

इच्छुक प्रतिभाशाली छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से नृत्य में प्रशिक्षित करके, छात्रों को जल्द से जल्द उन्हें कलाकार, प्रशिक्षक एवं कोरियोग्राफर बनने में मदद करके उन्हें सशक्त बनाती हैं और उनके लिए नृत्य को उनकी आजीविका और सम्मानजनक करियर-विकल्प बनाने के लिए समर्पित हैं। -नप्र

ओडिशी नृत्य पर 185 प्रतिभागियों ने दी प्रस्तुति

ई-मंच फाउंडेशन और जयंतिका के संयुक्त तत्वावधान में ओडिशी नृत्य पेश करतीं बच्चियां और युवतियां। ● ई-मंच

रायपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। ई-मंच फाउंडेशन और जयंतिका (ओडिशी स्कूल) के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय ओडिशा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 185 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय कैटेगरी में विभाजित किया था। कुल नौ प्रतिभागियों का चयन किया गया था। इनमें प्रथम कैटेगरी के विजेता 15 वर्ष आयु तक: प्रथम अशी स्वयंशी, भुवनेश्वर, द्वितीय साई सौम्यकांत, खुर्धा, ओडिशा, तृतीय पालोमी दास, अंगुल, ओडिशा। द्वितीय कैटेगरी- 16 से 25 वर्ष तक: प्रथम सर्मिष्ठा चौधरी, द्वितीय सोनाली दास, तृतीय श्रेष्ठा पंडा। इसी तरह तृतीय कैटेगरी 25 वर्ष से अधिक आयु: प्रथम सुचि स्मिता साहू, द्वितीय पोम्पी मुखर्जी प्लानो, तृतीय रसिका गुमास्ते रहीं। कार्यक्रम की संचालक मधुमिता राउत और कार्यक्रम समन्वयक लकी मोहंती ने बताया कि विजेताओं को गुरुशिष्य परंपरा इवेंट में नृत्य प्रदर्शन का अवसर मिलेगा।

प्रबल इच्छा शक्ति से करोना को हरा सकते है: योगाचार्य

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रायपुर. अगर आप वैश्विक महामारी कोरोना के शिकार हो गए हैं तो घबराइए मत अपनी इच्छा शक्ति को प्रबल रखिए और इलाज के साथ-साथ योग की सहायता लीजिए, निश्चित ही आप कोरोना पर विजय प्राप्त करेंगे। यह कहना है योगाचार्य उमाशंकर शर्मा जी का, जो गुप्तकाशी उत्तराखंड से हैं। उन्होंने योग पर शोध साथ ही कई सफल कक्षाओं का आयोजन वैश्विक स्तर पर किया है, वे रायपुर छत्तीसगढ़ में श्री सिद्ध आश्रय में रहते हुए योग साधना के प्रचार प्रसार में समर्पित हैं।

प्रादेशिक कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़ द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम कोरोना के प्रभाव एवं यौगिक समाधान का ईमंच पर प्रसारण किया गया, इस कार्यक्रम को ईमंच के फेसबुक पर और यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारित किया गया, कार्यक्रम में योगाचार्य उमाशंकर शर्मा से ईमंच फाउंडेशन के संस्थापक सीए मदन मोहन उपाध्याय ने इस विषय पर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान दर्शकों ने भी योगाचार्य से अपनी समस्याओं को लेकर सवाल पूछे जिसका योगाचार्य ने समाधान बताया।

कई आयोजन हुए

कोरोना काल में ईमंच ने बहुत से ऐसे आयोजन किए हैं जिससे लोगों को काफी लाभ पहुंचा है, हाल ही में ईमंच द्वारा गरुड़ पुराण का ऑनलाइन आयोजन किया गया था, जिसे लोगों ने खूब सराहा था, गरुण पुराण किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके परिजनों द्वारा सुना जाता है, पर कोरोना काल में जब सारे आयोजन बंद हैं, ऐसे में सबके लिए यह सुन पाना संभव नहीं था, जिस को ध्यान में रखकर ही ईमंच ने अपने फेसबुक पेज और यूट्यूब चैनल पर गरुण पुराण का ऑनलाइन आयोजन किया जिसका दर्शकों ने भरपूर रसास्वादन किया, आगे भी ईमंच द्वारा इस प्रकार के आयोजन लगातार करता रहेगा।

ढ़ राज्य सहकारी दुग्ध

टॉक शो में एक्सपर्ट ने रखी बात

दूसरे देशों पर निर्भरता से बढ़ी महंगाई, आत्मनिर्भर की ओर बढ़ाने होंगे कदम

रायपुर @ पत्रिका. ई-मंच के टॉक शो में कोविड से इकॉनमी पर असर पर सीए अमित चिमनानी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी इकॉनोमीज कोरोना से ध्वस्त है, चीन को छोड़कर सबकी जीडीपी नेगेटिव है। चीन की जीडीपी पाजिटिव इसीलिए है क्योंकि उसमें कोरोना के इलाज सम्बन्धी सारे सामान अपने देश मे बनाकर दूसरे देशों को सप्लाई किया इसलिए वो अन्य देशों पर निर्भर नहीं रहा।

भारत में कुछ वस्तुओं के महंगी होने का कारण अन्य देशों पर निर्भर होना है। जैसे भारत में इस्तेमाल होने वाले तेल का 50 परसेंट से ज्यादा हम अन्य देशों से मंगाते हैं। पाम ऑयल, सोयाबीन तेल व अन्य तेलों की कीमत उन देशों ने बढ़ा दी तो हमें तेल यहाँ महंगा मिल रहा है।

12 की उम्र में शुरू की पेंटिंग

टॉक शो में कलाकार अमृता तिवारी ने बताया, मैंने पेंटिंग और कला की शुरुआत तब की जब सिर्फ 12 साल की थी। मेरे दो गुरुओं ने बहुत साथ दिया। कला हमेशा हमें ध्यान केंद्रित करने में मदद करती है। जुनून का पालन करना सही निर्णय था।

सरकार ने जो आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ाया है हम सबको मिलकर उसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। कोरोना की तीसरी लहर पर चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर अशोक भट्टर ने कहा कि बड़ों ने वैक्सीन लगा ली है अब अगर उन्हें कोरोना होता भी है तो ज्यादा असर नहीं करेगा।

ऑनलाइन कार्यशाला में बताईं ओडिशी नृत्य की बारीकियां

प्रतियोगिता में स्क्रीनिंग कर दूसरे लेवल के लिए किया चयन

रायपुर @ पत्रिका. हिंदुस्तानी शास्त्रीय नृत्य को बढ़ावा देने एवं कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से "ईमंच एवं जयन्तिका के संयुक्त तत्वावधन में ओडिशी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें ना सिर्फ भारत से बल्कि पूरे विश्व से ओडिशी कलाकारों ने अपनी रुचि और उत्साह दिखाते हुए काफी संख्या में रजिस्ट्रेशन कराया है। जिसमें से कुल 120 प्रतिभागियों को उनकी नृत्य प्रतिभा के आधार पर स्क्रीनिंग कर दूसरे लेवल के प्रतिस्पर्धा के लिए चुना गया है ।

इस प्रतिस्पर्धा को 4 चरणों में किया जाना है, जिस पर विस्तृत चर्चा, ओडिशी नृत्य की बारीकियों एवं प्रतिभागियों को उनके सवालों के समाधान के लिए रविवार सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ईमंच एवं जयन्तिका द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें ओडिशी नृत्य के कलाकार पद्मश्री गुरु मायाधर राउत, गुरु मायाधर राउत पुत्री एवं शिष्या मधुमिता राउत और पद्मश्री गुरु कुंकुम मोहंती के शिष्य लक्की मोहंती ने अपने व्याख्यान एवं कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नृत्य की बारीकियों से अवगत कराया। मायाधर राउत मुख्य वक्ता थे जिन्होंने अपने 8 दशकों के ओडिशी नृत्य के अनुभव को साझा किया।

उन्होंने महरी प्रथा के मामले में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया, किशोरियों को आम तौर पर दो तरह से महरी बनाया जाता था। एक मार्ग मंदिर सेवा में शुरू किया गया था - उन्हें या तो उनके परिवारों द्वारा भक्ति के रूप में समर्पित किया जाता था।

कला व कलाकार हमारे सामाजिक धरोहर, इन्हें सहेज कर रखना होगा

ई-मंच के म्यूजिक टॉक शो में विद्याचार्य पंडित गोबिंदो बोस ने रखे विचार

रायपुर @ पत्रिका. कलाकारों के लिए भी सभी आगे आए, क्योंकि ये स्वाभिमानी हैं। कहीं मांगने नहीं जाएगें भले ही मर जाएगें। इसलिए आप सभी आगे आइए और जितना हो सके इनकी मदद करिए। अपनी सामाजिक धरोहर को बचाइए। ईमंच के म्यूजिक टॉक शो में पं. गोबिंदो ने वर्तमान में शास्त्रीय संगीत और कलाकारों की स्थिति पर बेबाकी से अपने विचार रखे।

आज भारतीय शास्त्रीय संगीत विशेषकर उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत जिस तरह से तोड़ मरोड़कर पेश किया जा रहा है, वह उचित नहीं है। भारतीय शास्त्रीय संगीत पूरे विश्व में प्रसिद्ध है, और यह कला एवं कलाकार हमारी सामाजिक धरोहर हैं। वर्षों के रियाज़ के बाद, एक कलाकार अपने आप को मंच पर प्रदर्शन के लायक बना पाता है, परंतु हमारा दुर्भाग्य है कि इस महामारी में इनकी बड़ी दुर्दशा है। इन पर कोई भी सरकारें, सामाजिक संस्थाएँ ध्यान नहीं दे रहे हैं। आज ना जाने कितने कलाकार कार्यक्रम के आभाव में, आय ना होने के कारण भूखों मरने पर मजबूर हो रहे हैं।

'कथक नृत्यांगना को संगीत का ज्ञान होना जरूरी'

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

रायपुर ◆ ईमंच म्यूजिक टॉक शो में बहरीन की कथक नृत्यांगना डॉ. सृष्टि शर्मा ने कथक की बारीकियों पर अपने पक्ष रखे। उन्होंने ठाठ, सलामी और आमद की जानकारी देते हुए अलग-अलग घरानों की विशेषताएं और उनकी खूबियां बताई।

डॉ. सृष्टि बताया, जब मैं नर्सरी में थी तब अपने शिक्षक से नृत्य सीखना शुरू कर दिया था। मुझे एनडीएमसी और यूथ अवॉर्ड से नवाजा गया। मोरिशस और रशिया में भी कथक शो किए। मैं सिंगापुर में कथक सिखाती हूं। डॉ. सृष्टि बताया कि एक कथक डांसर को संगीत का ज्ञान होना बहुत जरूरी है, इसलिए उन्होंने भी संगीत की विभिन्न विधाओं की जानकारी ली, साथ ही तबला वादन भी सीखा।

भागवत पुराण का ई-प्रसारण, ऑनलाइन शामिल हुए लोग

रायपुर @ पत्रिका. ईमंच फाउंडेशन द्वारा प्रसारित "श्रीमद् देवी भागवत पुराण" का समापन 19 जून को किया गया।11 जून से 19 जून तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक "श्रीमद् देवी भागवत पुराण" का प्रसारण ईमंच के फेसबुक पेज एवं यूट्यूब चैनल पर किया गया। कथा वाचक आचार्य पंडित दुर्गेश शर्मा थे। आयोजन मसूरी के अवस्थी परिवार ने किया।। ईमंच 18 पुराणों को ऑनलाइन प्रसारित करने के लिए संकल्पित एवं प्रयासरत है, जिसका मुख्य उद्देश्य है सनातन धर्म से जुड़े लोग इन 18 पुराणों के मर्म को समझ सकें। ईमंच के संस्थापक सीए मदन मोहन उपाध्याय ने बताया की ईमंच द्वारा अभी तक श्रीमद् भागवत पुराण, गरुड़ पुराण, मार्कण्डेय पुराण एवं श्रीमद् देवी भागवत पुराण का आयोजन किया जा चुका है।

रचनात्मकता के लिए साहस की आवश्यकता

रायपुर ♦ ईमंच द्वारा आयोजित लाइव टॉक शो में दिल्ली के कलाकार मूर्तिकार, चित्रकार एवं प्रशिक्षक प्रदीप मान ने शिरकत की। फ़ाउंडेशन की कार्यकारिणी सदस्य सुजाता शुक्ला ने कला से जुड़े कई सवाल प्रदीप से किए। प्रदीप मान ने कहा, रचनात्मकता के लिए साहस की आवश्यकता होती है। माडर्न आर्ट के नाम पर कुछ भी नहीं बनाया जा सकता। आर्ट में रि एटिविटी होना अति आवश्यक है। डिजिटल आर्ट ने कलाकारों को हतोत्साहित तो किया है, परंतु कलाकारों द्वारा बनाई पेंटिंग की आज भी कोई मोल नहीं ।

ईमंच के टॉक शो में शामिल हुए धीरज पांडेय

बांसुरी वादन के लिए जुनून और धैर्य दोनों बहुत जरूरी

रायपुर @ पत्रिका. ईमंच के लाइव टॉक शो में दिल्ली के बांसुरी वादक धीरज कुमार पांडेय शामिल हुए। उनके साथ ईमंच फाउंडेशन के संस्थापक सीए मदन मोहन उपाध्याय ने बांसुरी पर एवं उनके व्यक्तिगत अनुभवों पर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान धीरज ने अपने बचपन की यादें साझा करते हुए बताया, उनके घर वालों ने बाँसुरी सीखने के काफ़ी प्रोत्साहित किया और पिता ने आर्थिक तौर पर मदद की। जिसका प्रतिफल ये रहा कि परिवार में कोई भी संगीत के क्षेत्र में ना होने के बावजूद, गुरुजनों के आशीर्वाद एवं अपनी लगन से इस क्षेत्र में पहचान बनाने में कामयाब हो सका। बांसुरी सीखना तो बहुत लोग चाहते हैं लेकिन इसकी शुरुआत (फुंक मारने सीखना) सबसे ज्यादा कठिन होती है। अधिकतर लोग उसी समय सीखना छोड़ देते हैं। इसके आगे रियाज़ करते समय (चूँकि उस समय कोई धुन नहीं बजती) आसपास के लोग मना करते लगते है, या प्रोत्साहित नहीं करते तो भी लोग बंद कर देते हैं । इसलिए सीखने वालों को इन सब बातों पर ध्यान ना देते हुए अपने जुनून को जिंदा रखते हुए सीखना बंद नहीं करना चाहिए।

E-MANCH
Beyond Boundaries...

150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने दी थी प्रस्तुति

ऑनलाइन ओडिसी डांस के विजेता घोषित

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

रायपुर ◆ ईमंच फाउंडेशन एवं जयतिका के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय ओडिसी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें देशभर से 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कॉम्पिटिशन स्पर्धा के सेकंड लेवल एलिमिनेशन में 120 और थर्ड लेवल में एलिमिनेशन के बाद 9 कंटस्टेंट 9 का चयन किया गया।

प्रतिभागियों ने नृत्य का ऑनलाइन प्रदर्शन किया गया जिसे ओडिसी नृत्य प्रेमियों एवं कलाकारों ने काफी सराहा। पारदर्शिता लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर से अलग-अलग निर्णायकों द्वारा नृत्य देखकर प्रतिभागियों की स्कोरिंग की गई। नृत्य में कमियों और सुधार पर निर्णायकों ने सुझाव भी दिए। प्रतिभागियों को तीन केटेगरी में बांटा गया।

ये रहे विजेता

15 वर्ष आयु तक: अशी स्वयंशी, साई सौम्यकांत, पॉलोमी दास।

16 से 25 वर्ष: सर्मिष्ठा चौधरी, सोनाली दास, श्रेष्ठा पंडा।

25 वर्ष से अधिक: सुचि स्मिता साहू, पौम्पी मुखर्जी, रसिका गुमास्ते।

ई-मंच के ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए एलंगोवन गोविंदराजन

'अनुभव के मुताबिक किए गए प्रयोग सराहे जाते हैं'

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

रायपुर ◆ ईमंच के ऑनलाइन शास्त्रीय संगीत चर्चा में दक्षिण भारतीय संगीत के वोकलिस्ट, नट्टुवनार और संगीतकार एलंगोवन गोविंदराजन शामिल हुए। चर्चा में बताया, परिवार में कई लोग संगीतकार और नट्टुवनार कलाकर हैं। कारनेटिक संगीत और नट्टुवंगम पिता एवं गुरु के. जे. गोविंदराजन द्वारा शिक्षा प्राप्त की। मैंने कई वर्णों, कृतियों, भजनों और तिलानों की रचना की है।

भारत समेत 52 अन्य देशों में भी गायन की प्रस्तुति दी इसमें शास्त्रीय और भक्तिगीत शामिल हैं। उन्होंने बताया, पत्नी के साथ जो भरतनाट्यम् की शिक्षिका है "परंपरा" संस्था की स्थापना की है जहाँ पर कला प्रेमियों को कर्नाटक संगीत और नट्टुवंगम सिखाते हैं। उन्होंने एक वाक्ये का जिक्र करते हुए बताया, बौद्ध धर्म अनुयायियों के कार्यक्र म में प्रस्तुति देनी थी परंतु महात्मा बुद्ध पर कोई गीत नहीं था। मैंने मौके पर ही स्वयं कम्पोज किया जिसे काफी सराहना मिली और लोगों को पसंद आया। इस तरह जीवन में कई मौके आते हैं जब आप अपने अनुभव से प्रयोग करते हैं और उसे काफी सराहा जाता है।

पहली बार ऑफलाइन ओडिसी क्लास

प्रतिभागियों ने किया ओडिसी डांस की बारीकियों का अध्ययन

ZOOM रिपोर्टर
patrika.com

रायपुर. गुरु मायाधर राऊत ने 1943 में चंपू अभिनय ओडिशा में किया था, जिसे रायपुर के बच्चों ने ई मंच के तत्वावधान में रायपुर में सीखा। यहां पहली बार ऑफलाइन ओडिसी नृत्य कार्यशाला का आयोजन ईमंच फाउंडेशन एवं जयंतिका के संयुक्त तत्वावधान में रामसागर पारा स्थित होटल में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन विधायक विकास उपाध्याय ने किया। उन्होंने कहा, हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत एवं कलाकारों का सम्मान सम्पूर्ण विश्व में है, इस धरोहर को आगे बढ़ाने में हमारे नए कलाकारों की भूमिका काफी अहम् है, जो वर्षों की साधना से आती है। इसलिए इस तरह की कार्यशाला होती रहनी चाहिए। इसमें नई दिल्ली की ओडिसी नृत्यांगना मधुमिता राउत और कटक के नृत्य गुरु लकी मोहंती शामिल हुए। आयोजन में मधुमिता ने चंपू अभिनय सिखाया, जो कि उनके पिता पद्मश्री गुरु मायाधर राउत ने 1943 में ओडिशा में किया था। लकी मोहंती ने पंच देव मंगलाचरण और पल्लवी सिखाया। कार्यशाला में अपने-अपने माता-पिता के साथ आए अलग-अलग आयु वर्ग के 25 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। डांस सीखते हुए प्रतिभागियों ने ओडिसी डांस की बारीकियों का भी अध्ययन किया ।

रुचि देखकर गुरुओं ने जताई संभावनाएं

नृत्य के टुकड़ों को सीखते हुए प्रतिभागियों ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य और ओडिसी व्याकरण की बारीकियों को भी सीखा। गुरुओं ने कहा कि जिस तरह से बच्चों ने ओडिसी नृत्य में रुचि दिखाई एवं प्रदर्शन किया, उसे देखते हुए रायपुर में इस नृत्य के लिए व्यापक संभावनाएं हैं। ईमंच के संस्थापक सी.ए. मदन मोहन उपाध्याय ने कहा कि गुरु-शिष्य परम्परा के माध्यम से हमारा शास्त्रीय नृत्य इसी तरह प्रसिद्धि प्राप्त करता रहेगा, और गुरुओं की कृपा से फलीभूत होता रहेगा।

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

रायपुर ◆ गीत-संगीत का मन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव को विज्ञान भी स्वीकारने लगा है। इसी कड़ी में नृत्य और गायन का प्रशिक्षण देने वाले ईमंच द्वारा रविवार को शास्त्रीय संगीत पर परिचर्चा और नृत्य का आयोजन किया गया। इसमें पंडित प्रबीर कुमार बनर्जी (कोलकाता) और ओडिसी डांस गुरु लकी मोहंती के सानिध्य में उनकी शिष्याओं द्वारा एक विशेष कार्यक्रम किया गया, जिसमे एक ही गीत पर अलग अलग स्थानों पर रहते हुए एक साथ 7 शिष्याएं(प्राची नायक, श्रेया सिंह, कृष्णाश्री स्वैन, राजनंदिनी पटनायक, स्निग्धा महापात्रा, शिवनी पंडा एवं अमृता दास) ने एक जैसा डांस प्रस्तुत किया। जो की अपने आप में अनूठा, रोचक एवं अथक साधना के परिणाम स्वरूप संभव हो पाया।

ई-मंच ने कोरोना काल में अपना छोटा सा योगदान देने का प्रयास किया है, जिसके तहत गीत-संगीत की प्रस्तुति के लिए ऑनलाइन मंच के अलावा संस्था द्वारा दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों को ऑनलाइन गीत संगीत की ट्रेनिंग दे रहे हैं।

E-MANCH
Beyond Boundaries...

टॉक शो में मैंडोलिन वाद्य यंत्र पर चर्चा

रायपुर ◆ ई-मंच की ओर से शास्त्रीय संगीत और वाद्य यंत्रों पर टॉक शो का आयोजन किया जाता है। इस बार वसंतवीर उपाध्याय और शाम्भवी उपाध्याय ने विष्णु वेंकटेश के साथ मैंडोलिन पर चर्चा की। नए एवं पुराने कलाकारों द्वारा रविवार से बुधवार तक ऑनलाइन प्रस्तुति फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब पर दी गई। चर्चा में पद्मश्री यू. श्रीनिवास ने बताया कि मैंडोलिन वाद्य यंत्र का प्रचलन, 18 वीं शताब्दी में इटली में हुआ, और यह वाद्य यंत्र सम्पूर्ण यूरोप में बजाया जाता था, परंतु नेपोलियन के युद्ध के बाद यह लुप्त हो गया। मैंडोलिन के आधुनिक स्वरूप (संस्करण) को बनाने का श्रेय नेपल्स के विनाकिया परिवार को जाता है।

पत्रिका

नई पीढ़ी को शास्त्रीय संगीत की बारीकियों से अवगत कराया

रायपुर ◆ भारतीय संस्कृति में सरस्वती वीणा मात्र एक वाद्य यंत्र ही नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था का भी प्रतीक है। ई-मंच के टॉक शो में वीणा वादिका विदुषी गीता नवले और अतिथियों के साथ विशेष चर्चा का आयोजन किया गया। ईमंच द्वारा हर रविवार को गीत-संगीत, नृत्य एवं वादन के अलावा, शास्त्रीय संगीत, नृत्य, वाद्य यंत्र, व वादन पर देश-विदेश के कलाकारों के साथ विस्तृत परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य, हमारी नई पीढ़ी एवं अन्य कलाकारों को शास्त्रीय संगीत से संबंधित जानकारियों एवं बारीकियों से अवगत कराया जा सके।

राग फाउंडेशन के इस ईमंच के आयोजन में विदुषी गीता नवले, गोपाल नवले और प्रोफ़ेसर डॉक्टर पी. के. श्रीवास्तव ने युवा पीढ़ी को शास्त्रीय संगीत के बारे में बताया कि संगीत कठिन साधना है और इसके लिए लगातार अभ्यास की जरूरत होती है।

अनुशासन और गुरु शिष्य परंपरा को चरितार्थ करने वाली इस साधना में कठिन परिश्रम से ही संगीत निखरता है। गीता नवले ने कहा कि संगीत और वादन से आपके व्यक्तिव का भी निखार होता है और आप में धैर्य, संयम और लगनशीलता के गुण विकसित होते है। छोटे बच्चों को बचपन से ही सिखाया जाएगा तो वे उसी सांचे में ढल जाते हैं।

भक्त की पुकार सुनकर मदद को आते हैं भगवान : पं. सूर्यकांत

आनंद नगर दुर्गा मंदिर में भागवत कथा का फेसबुक पर ले रहे आनंद

रायपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना महामारी के चलते पिछले कई माह से राजधानी में भागवत कथाओं का आयोजन नहीं हो रहा था।

लाकडाउन खत्म होने के बाद अब पुन: भक्तिभाव छाने लगा है। नियमों का पालन करते हुए कथा स्थल पर नाममात्र के भक्तों को प्रवेश दिया जा रहा है, लेकिन भक्तगण फेसबुक पेज पर कथा का आनंद ले रहे हैं। रविवार को कथा में भागवताचार्य पं. सूर्यकांत तिवारी ने संदेश दिया कि सच्चे मन से भगवान को पुकारने से भक्तों का दुख-दर्द दूर करने के लिए भगवान अवश्य आते हैं।

राजगीत 'अरपा पैरी के धार' के साथ हुई कथा : छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की खुशी में रविवार को कथा का शुभारंभ राजगीत 'अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार...' गीत के सुमधुर गायन से हुआ। इसके बाद कथा में गजेंद्र मोक्ष प्रसंग में बताया कि मगरमच्छ ने जब हाथी के पैरों को अपने जबड़े में जकड़ लिया तब हाथी यानी गज ने भगवान विष्णु को पुकारा।

गज की करुण पुकार सुनकर भगवान आए और मगरमच्छ से गज को मुक्त कराया। इसी तरह जब भी भक्त संकट में होते हैं, तब भगवान मदद करने अवश्य आते हैं। इसके पश्चात प्रह्लाद चरित्र, राजा परीक्षित के जन्म लेने और उनके सिर पर कलयुग के सवार होने का प्रसंग सुनाया। साहित्यिक संस्था ई मंच के तत्वावधान में 29 अक्टूबर से शुरू हुई कथा 6 नवंबर तक चलेगी, जिसका ईमंच नाम से फेसबुक पर प्रसारण किया जा रहा है।

कथा प्रतिदिन दोपहर 3:30 से 6:00 बजे तक चलेगी। कथा में मदन मोहन उपाध्याय, आलोक तिवारी, सतीश मिश्रा, रजनीश पाण्डा, दीपानीता बोस, अनिता दुबे, अजय पांडे, देवाशीष, गौरव शुक्ला, राजकुमार मिश्रा, शिवनारायण तिवारी सहयोग दे रहे हैं।

लोकवाद्य 'रावणहत्था' वॉयलिन का ही रूप है: गुलजार हुसैन

जयपुर,समाचार जगत न्यूज। राज्य के युवा वॉयलिन वादक गुलजार हुसैन का कहना है कि राजस्थानी लोकवाद्य रावणहत्था वर्तमान में वॉयलिन का ही एक रूप है। गुलजार रायपुर की संस्था ई-मंच प्लेटफॉर्म पर वर्चुअली हुई एक चर्चा में शामिल रहे थे। आज सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले आधुनिक स्ट्रिंग उपकरणों में से एक है, इसी पर बात करते हुए उन्होंने इस वाद्य के इतिहास और इसे बनाने वालों के बारे में भी बताया, कहा कि इसे 1777 ईसवी में इटली के लूथर एंड्रिया अमति द्वारा बनाया गया था,साथ ही भारत से वॉयलिन का रिश्ता बनाया। इस कार्यक्रम में गुलजार ने वॉयलिन के तारों से सुरों की बौछार करते हुए जहां भारतीय शास्त्रीय रंग को परवान चढ़ाया वहीं सुगम संगीत की तान छेड़ते हुए फिल्मी गीत 'एक प्यार का नगमा है' बजाया तो वेस्टर्न म्यूजिक में साइलेंट नाइट सॉन्ग और राजस्थानी लोक धुन भी छेड़ी,साथ ही गांधीजी का प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम भी प्रस्तुत किया। गुलजार हुसैन से यह बातचीत रायपुर के संगीतज्ञ वसंतवीर उपाध्याय और संभवी उपाध्याय ने की।

हरिभूमि

रायपुर - रायपुर भूमि

3 Nov 2020

अज्ञानता कब से है ये कोई नहीं बता सकता, ज्ञान कब मिला ये सभी जानते हैं

रायपुर। आनंद नगर स्थित मां दुर्गा मंदिर में 9 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। भागवत कथा के चतुर्थ दिवस सोमवार को कथावाचक पं. सूर्यकांत तिवारी ने भगवान विष्णु के वराह अवतार की कथा सुनाई तथा प्रसंग मनु एवं शतरूपा की उत्पत्ति एवं भगवान विष्णु के वराह अवतार एवं धरती की खोज विषय पर प्रवचन दिया। उन्होंने कहा, अज्ञानता कब से है ये कोई नहीं बता सकता, ज्ञान कब प्राप्त हुआ ये सभी बता सकते हैं। मानव जन्म की गाथा उन्होंने सुनाई। मत्स्य पुराण सहित अन्य पुराणों का जिक्र करते हुए बताया कि मानव की उत्पत्ति किस तरह से हुई। उन्होंने बताया कि मनु की संतान होने के कारण मानव कहा गया।

> भगवान विष्णु के वराह अवतार की कथा सुनाई, भक्तों ने लिया आनंद

ऑनलाइन ऐसे जुड़ें

इस दौरान आयोजन स्थल में उपस्थित भक्तों ने भावविभोर होकर कथा सुनी, वहीं हजारों भक्तों ने इस कथा का ऑनलाइन आनंद लिया। इस आयोजन में महामारी के चलते मात्र 10-15 भक्त ही मंदिर प्रांगण में उपस्थित रहे। बाकी श्रद्धालुओं ने आयोजन का सोशल मीडिया पर आनंद उठाया। भक्तों ने ई-मंच के फेसबुक पेज पर ऑनलाइन श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लिया। इस कार्यक्रम का प्रतिदिन 6 नवंबर की शाम तक 3:30 से 6:00 बजे तक सीधा प्रसारण किया जा रहा है, जिसे दर्शक लाइव देख सकते हैं।

यह कार्यक्रम मदन मोहन उपाध्याय, आलोक तिवारी, सतीश मिश्रा, रजनीश पात्र, दीपान्विता बोस, अनीता दुबे, अजय पांडेय, देवाशीष, गौरव शुक्ला, राजकुमार मिश्रा, शिवनारायण तिवारी के विशेष सहयोग से किया जा रहा है।